संक्षिप्त

फिजियोथेरेपी सेंटर का शुभारम्भ

चूरू । नया बास में बुधवार को श्री श्याम नेचुरोपैथी व फिजियोथेरेपी सेन्टर का शुभारम्भ पूलासर धाम के श्याम पारीक व भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सेन्टर से चूरू में रोगियों को न केवल रोगों से छुटकारा मिलेगा। वहीं चूरू वासियों को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिये एक नया प्लेटफार्म मिलेगा। वर्तमान समय में प्राकृतिक चिकित्सा अत्यधिक कारगर सिद्ध हो रही है। सेंटर के संचालक डॉ. सज्जन जांगिड़ ने बताया कि विभिन्न प्रकार के रोगों का प्राकृतिक चिकित्सा पद्धित द्वारा सफलता पूर्वक ईलाज किया जायेगा। चिकित्सा व फिजियोथेरेपी की अत्याधुनिक तकनिकी मशीनों से कमर, गर्दन, घुटनों के दर्द व टेनिस एल्बो जैसे अनेक प्रकार की बीमारियों का इलाज पूर्ण संतुष्टि के साथ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसमें हिजामा थैरेपी, स्टीम थैरेपी, कांसी थाल, वेक्स बाथ, पोटली मसाज, मिट्टी लेपन सहित अनेक प्रकार की पद्धित द्वारा मरीजों का इलाज किया जायेगा। सेन्टर के सहायक रोहित जांगिड़ ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा के लिए चुरू से बहार नहीं जाना पडेगा। ये सभी सुविधाएं चूरू में मिलेगी। इस अवसर पर सत्य नारायण सैनी, लक्ष्मण सिंह राठौड चलकोई, सुरेश रक्षक, नीरज रोलीवाल, देवकीनंदन स्वामी, दिलीप जांगिड़, डॉ. आशोक शर्मा, अरविन्द एडवोकेट, लिखमी चंद प्रजापत, राजपाल जांगिड़ सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र जांगिड ने किया।

पंचायतों में आज होगी जनसुनवाई

सीकर । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार 6 फरवरी 2025 गुरूवार को जिले की समस्त ठााम पंचायतों में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जावेगा। जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई नेछवा की ठााम पंचायत भिलुण्डा, दांतारामगढ की रूपगढ , लक्ष्मणगढ की जाजोद ठााम पंचायत में मुख्य सचिव द्वारा वीसी के माध्यम से समीक्षा की जायेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ठााम पंचायत स्तरीय अधिकारियों, कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जावें। उन्होंने बताया कि ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय अधिकारी नियुक्त किये गये है।

राठी का किया स्वागत

सीकर । अधीक्षण अभियन्ता जलदाय विभाग सीकर के पद पर रमेश राठी का पदस्थापन होने पर बुधवार को माला पहनाकर मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस दौरान राठी का पदस्थापन अधीक्षण अभियन्ता जलदाय विभाग सीकर होने पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर के निजी सचिव सर्वेश माथुर, श्रीराम जांगीड सहित स्टॉफ के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक आज

सीकर । जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग ने बताया कि राईजिग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत सीकर जिले में निवेश के लिए किये गये एम.ओ.यू. की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 6 फरवरी 2025 को सायं 4 बजे आयोजित की जायेगी।

जागरूकता रैली निकाली

सीकर । अटल भूजल योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को नीमकाथाना ब्लॉक की गजानंद मोदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई भूजल विभाग सीकर के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें विद्यालय प्रधानाचार्य रमेश कुमार यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर अटल भूजल को बचाने के संदेश को लेकर रवाना किया । कार्यक्रम में भूजल विभाग सीकर से तकनीकी सहायक रामेश्वर प्रसाद गुर्जर, कनिष्ठ लिपिक महावीर प्रसाद, जिला आई ई सी विशेषज्ञ मुकेश बाल्मिकी, दिव्याश्री ने उपस्थित कर्मचारी और छात्र-छात्राओं को अटल भूजल योजना के बारे विस्तृत जानकारी दी।

भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने जगदीश प्रसाद माथुर के परिजनों से मुलाकात की

सीकर । भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के निवास पर गए। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड भाजपा के प्रथम प्रदेशाध्यक्ष रहे स्व. जगदीश प्रसाद माथुर के सिटी डिस्पेंसरी नं. 2 के पास एवं पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष

■ जिलाध्यक्ष मनोज बाटड भाजपा के प्रथम प्रदेशाध्यक्ष रहे जगदीश प्रसाद माथुर के सिटी डिस्पेंसरी के पास एवं पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रहे मदनलाल सैनी के आवास एवं समाधी स्थल पर पहुंचे।

रहे मदनलाल सैनी के पुरोहितजी की ढाणी स्थित आवास एवं समाधी स्थल पर पहुंचे।

जिलाध्यक्ष बाटड ने स्व. माथुर व स्व. सैनी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने दोनों

भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने जगदीश प्रसाद माथुर के परिजनों से मुलाकात की।

नेताओं के परिजनों से मुलाकात की और आशीर्वाद लिया । दोनों नेताओं के परिजनों ने भाजपा जिलाध्यक्ष बाटड का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर व मिठाई खिलाकर नव दायित्व के सफलतम कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त की।

इस दौरान रमेश जलधारी, राजेश रोलन, रतनलाल सैनी, स्व. मदनलाल सैनी की धर्मपत्नी पतासीदेवी, स्व. जगदीश प्रसाद माथुर के परिवार से ललित किशोर माथुर, ओमप्रकाश माथुर, अशोक माथुर, गोपाल माथुर, प्रदीप माथुर, अशोक चौधरी, शैलेष सैनी, नेमीचंद कुमावत आदि मौजूद रहे।

महालोन मेला 7 व 8 को

सीकर । पंजाब नेशनल बैंक द्वारा महालोन मेला 7 व 8 फरवरी को शिव शक्ति रेजीडेंसी, पिपराली सर्किल, आरटीओ चौराहा, जयपुर-झुंझुनू बाईपास रोड, सीकर में होम लोन एवं सोलर लोन मेला लगाया जाएगा। मेले में विभिन्न स्कीमों के तहत लोन प्रदान किए जाएंगे। पीएनबी के मण्डल प्रमुख सुधांशु भूषण ने बताया कि सीकर में व्यापार को बढ़ाने के अलावा हाउसिंग लोन एवं सोलर लोन पर विशेष तौर पर ध्यान केन्द्रित रहेगा। उन्होंने बताया कि 7 और 8 फरवरी को शिव शक्ति रेजीडेंसी सीकर में पीएनबी होम लोन एवं सोलर लोन मेला लगाया जाएगा। इस दौरान अनेक बिल्डर के साथ-साथ सोलर प्लेटों के डीलर भी इस मेले में शामिल होंगे। इस लोन मेले का लोगों को भरपूर फायदा होगा, वे रियायती दरों पर सोलर प्लेटों के अलावा भूखंड भी खरीद सकेंगे। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को सीकर में ही पीएनबी एमएसएमई मेला लगाया जाएगा। इस मेले का फायदा उन लोगों को सबसे अधिक होगा जो वर्तमान में कोई न कोई कारोबार कर रहे है और कारोबार को बढ़ाने की इच्छा रखते हैं तथा नए लोग जो कोई अपना व्यापार शुरू करना चाहते है, इस मेले में आकर्षक छूट के साथ लोन ले सकेंगे।

बच्चों ने बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय केपीएस एजुकेशन हब के बच्चों ने सूर्य नमस्कार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भाग लेकर बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती वंदना 'हे स्वर की देवी मां' से शुभारंभ किया।कार्यक्रम में बच्चों ने रुत आई रे तथा बूंद : बूंद मिलकर बने जैसे मधुर संगीत के साथ बच्चों ने बसंत ऋतु का एहसास कराया। कार्यक्रम में केपीएस एजुकेशन हब के निदेशक ओमप्रकाश गोदारा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मौसम पढ़ाई के अनुकूल है और परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपना बेस्ट देना है। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ.यशवीर दहिया राजकुमार धेतरवाल चेयरमैन सहीराम गोदारा विजय गोदारा प्रधानाचार्य रेवंतराम पड़गड जितेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह , देवी सिंह, रामनिवास, धायल विनोद रांकावत,ओमप्रकाश ढाका विकास शर्मा,ओमप्रकाश प्रजापत करण सिंह कैलाश सांखला, सुरेंद्र सऊ, मो.सलीम,गणेश प्रजापत,सुनील शर्मा, महावीर खोज, अब्दुल करीम, पूनम

■ मधुर संगीत के साथ बच्चों ने बसंत ऋतु का एहसास कराया।

शर्मा, कृष्णा शर्मा,किरण शर्मा सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन कैलाश सांखला तथा विरेंद्र सिंह ने किया।

कंबलों का वितरण किया

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय शिव धोरा वार्ड नं. 2 में समाजसेवी सरिता परिहार के माता-पिता स्व.हजारीलाल परिहार स्व.दुर्गादेवी की पुण्यतिथि पर कंबलों का वितरण किया। परिहार ने बताया कि कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु कंबलों का वितरण जरूरतमंद परिवारों को दिया। हमें ऐसे पुनीत कार्य समय-समय समय करते रहना चाहिए ताकि कोई भी गरीब परिवार वंचित ना रहे। इस अवसर पर मगन कंवर,कस्तूरी देवी, मंजू देवी, आयशा, नाजिया बानो आदि महिलाएं मौजूद थी।

सिगनैलिंग में सीकर रहा सिरमौर

सीकर । भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में 28 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन किया गया । स्थानीय संघ सचिव किशनलाल सियाक ने बताया कि जंबूरी में पूरे भारतवर्ष से स्काउटस गाइड्स ने सहभागिता की। जंबूरी में विभिन्न प्रकार की स्काउट गाइड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । सिगनैलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की ओर से सीकर जिले के स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा की गाइड्स -ठाामीण महिला शिक्षण संस्थान की कुमकुम, गिरिजा एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दौलतपुरा की निशा, तनु गाइड्स ने प्रतिनिधित्व करते हुए देश में श्रेष्ठता के साथ परचम फहराया है। राष्ट्रीय जंबूरी में गाइड्स ने जिला संगठन आयुक्त स्काउट बसंत कुमार लाटा व जिला संगठन आयुक्त गाइड प्रियंका के सहयोग एवं प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड सुमन चौधरी, सीकर जिला प्रधान बाबुलाल गुर्जर, जयपुर मंडल दल नेत्री गाइड निर्मला देवी व गाइडर प्रेम पावड़िया के मार्गदर्शन तथा सिगनैलिंग मास्टर ट्रेनर कैलाश चंद्र यादव एलटी के निर्देशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दिव्यांग व्यक्ति ने चोरी की घटनाओं के खिलाफ न्याय की मांग की

कोलसिया । नेहरी की ढाणी कोलसिया निवासी महेश कुमार जो एक दिव्यांग व्यक्ति हैं, ने हाल ही में अपने घर में हुई चोरी की घटनाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

महेश कुमार नेहरा ने बताया कि 4 फरवरी 2025 की रात 1 बजे के बाद अज्ञात चोरों ने उनके बकरी के बाड़े में घुसकर पांच बकरियां चोरी कर लीं। उन्होंने बताया कि चोरों ने घर के बाहर बंधे कुत्ते को भी सुला दिया। ताकि कोई विरोध न हो सके। महेश ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब उनके घर में चोरी हुई हो। इससे पहले भी चोरों ने उनका 13 बकरा, कुड धन, कपड़े और सोने-चांदी के जेवरात चुराए थे। लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। महेश का कहना है कि दिव्यांग होने के कारण उन्हें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और ऐसे में इस तरह की घटनाओं से उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से गहरी परेशानी हो रही है। महेश ने अपनी शिकायत में कहा कि वह अब खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं और इसलिए पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की अपील कर रहे हैं। महेश का कहना है कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ताकि उन्हें और उनके परिवार को फिर से इस तरह की घटनाओं का सामना न करना पड़े। इस अपील का ठाामीणों और समाज के विभिन्न वर्गों ने समर्थन किया है। समाज में इस घटना को लेकर गहरी नाराजगी है और लोग मानते हैं कि दिव्यांग व्यक्तियों के खिलाफ इस तरह की घटनाओं का होना पूरी समाज की जिम्मेदारी पर सवाल खड़ा करता है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से आठाह किया है कि इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए और चोरों को पकड़ा जाए। समाज के लोगों ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को समाज में समान अधिकार मिलना चाहिए और उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस मामले ने एक बार फिर सुरक्षा की अहमियत को उजागर किया है और लोग इस बात पर जोर दे रहे हैं कि पुलिस प्रशासन दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़ी कार्रवाई करें।

माता मंदिर में धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

खिरोड़ । झाझड़ में बस स्टैंड स्थित श्री शक्ति मोहिनी माता मंदिर में बुधवार को शक्ति मोहिनी माता का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। मंदिर समिति की ओर से हुए आयोजन को लेकर मंदिर में रंगबिरंगी लाइटों व फूलों से भव्य सजावट की गई। श्री शक्ति मोहिनी माता का अलौकिक शृंगार किया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने माता के दरबार में धोक लगाकर मां का आशीर्वाद लिया। उपस्थित महेश परसरामपुरिया व संतोष कुमार परसरामपुरिया ने बताया कि बुधवार को सुबह धोक पूजन के बाद छप्पन भोग का कार्यक्रम हुआ। दोपहर साढ़े 12 बजे से मंगलपाठ का कार्यक्रम शुरू हुआ। संगीतमय मंगलपाठ का वाचन जयपुर की पार्टी रविश एवं सोनल ने किया। इस मौके पर उन्होंने आओ जी आओ मैया म्हारे आंगनै..., टाबरिया बुलावे आओ म्हारा दादीजी... समेत एक से बढ़कर एक भजन पेश किए।

बालव्यास श्रीकांत शर्मा ने द्वादश ज्योतिर्लिंग महा रुद्राभिषेक की कथा सुनाई

झुंझुनूं । लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के 33वें वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर के सामने चौथमल गोयनका नोहरा में किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा यज्ञ में पंचम दिवस महोत्सव को व्यासपीठ से विश्वविख्यात श्रद्धेय बाल व्यास श्रीकांत शर्मा ने अपने कोकिल कंठ से गणेश पूजन के साथ मधुर संगीतमय कीर्तन तथा सरल हिंदी भाषा में रोचक एवं ज्ञान राग दृष्टांत सहित कथा का रसपान श्रोता भक्तों को करवाया। इससे पूर्व भागवत ठांथ का पूजन मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया गया। व्यास पीठ से बाल व्यास ने महाराजश्री ने द्वादश ज्योतिर्लिंग महा रुद्राभिषेक कथा का वर्णन करते हुए कथा में द्वादश ज्योतिर्लिंगो की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि नर और नारायण नामक दो ऋषि जिनको भगवान श्री विष्णु का अवतार माना जाता है। उन्होंने एक बार अपनी तपस्या से भगवान शिवजी को प्रसन्न कर लिया। जब भगवान शिव प्रकट हुए तो नर और नारायण की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए वहीं ज्योतिर्लिंग के रूप में वास करने का वचन दिया। द्वादश ज्योतिर्लिंगों से जुड़ी शिवपुराण के अनुसार भगवान लोक कल्याण के लिए लिग के रूप में वास करते हैं और भगवान शिव के बारह विठाहों को द्वादश ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। भारतवर्ष में यह 12 ज्योतिर्लिंग अलग-अलग स्थानों पर स्थित हैं। इनमें सर्वप्रथम श्री सोमनाथ जी का स्मरण किया जाता है। श्रावण माह में ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से ही सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ गुजरात, मल्लिकार्जुन आंध्र प्रदेश, महाकालेश्वर मध्य प्रदेश, ओंकारेश्वर मध्य प्रदेश, केदारनाथ उत्तराखंड, भीमाशंकर महाराष्ट्र, विश्वनाथ उत्तर प्रदेश, यंबकेश्वर महाराष्ट्र, वैद्यनाथ झारखंड, रामेश्वर तमिलनाडु व घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग महाराष्ट्र के संभाजी नगर के समीप दौलताबाद के पास स्थित है। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से यह अंतिम ज्योतिर्लिंग है। इस ज्योतिर्लिंग को घुश्मेश्वर के नाम से भी जाना जाता है। इनके दर्शन मात्र से इंसान मोक्ष की प्राप्ति कर लेता है। इस अवसर पर लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी इंद्र कुमार मोदी दिल्ली, सुरेशचंद्र पंसारी, कृपाशंकर मोदी मुंबई, ओमप्रकाश तुलस्यान चैन्नई, राजकुमार अठावाल जयपुर, राधेश्याम ढंढारिया जयपुर, अनिल टेकडीवाल एवं दिनेश गुप्ता दिल्ली, परमेश्वर हलवाई, विनोद अठावाल, मुंबई से गोपीराम मोदी, स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य बुद्धिप्रकाश अठावाल, श्रीकांत पंसारी, अनिल केजड़ीवाल, निर्मल मोदी, सुभाष जालान, प्रमोद खंडेलिया, मातादीन टीबड़ा, सीए पवन केडिया, गोपाल हलवाई, संपत्त चुडैलेवाला सहित अन्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

दिव्यांश का 154 एस.एस.बी.में सलेक्शन

सीकर । सत्र 2024-25 में चल रहे एनडीए 154 एसएसबी इंटरव्यूज में प्रिंस एनडीए एकेडमी से लगातार सलेक्शन हो रहे हैं। कक्षा 11वीं से प्रिंस एनडीए एकेडमी में अध्ययनरत् डीग, भरतपुर निवासी दिव्यांश का 12वीं बोर्ड परीक्षा से पूर्व ही एनडीए 154 एसएसबी में सलेक्शन हो गया है। इस चयन से दिव्यांश को सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिलेगी। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले दिव्यांश के पिता विनोद सिंह निजी कंपनी में मैनेजर हैं जबकि माता माधुरी देवी गृहिणी हैं। निदेशक जोगेंद्र सुण्डा ने कहा कि एनडीए 154 एसएसबी जैसी राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षा में लगातार एक के बाद एक सलेक्शन देना प्रिंस एनडीए एकेडमी व प्रिंस सैनिक स्कूल की श्रेष्ठता का प्रमाण है। चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने कहा कि स्कूल में एनडीए, टीईएस, सीडीएस एवं अन्य एसएसबी की तैयारी के लिए कक्षा 6 से 12 वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ब्रिगेडियर एवं कर्नल रैंक के 11 एसएसबी एक्सपर्ट ऑफिसर्स द्वारा तैयारी करवायी जा रही है।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का स्वागत

चूरू। स्थानीय वार्ड 28 स्थित संतोष भवन में बुधवार को नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर, षॉल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर, मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। विकास बांठिया ने बताया कि इस अवसर पर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, भाजपा नेता सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी का भी स्वागत किया गया। इस दौरान हुकमीचन्द लोहिया, विमल चमड़िया, सुभाष चुलेट, मेहनलाल पूर्वा, अफजल गौरी, सुरेश मिश्रा, गिरधारी शर्मा, कमल शर्मा, नवरतन कोठारी, जाकीर गौरी, बुलजी शर्मा, राकेश ओझा, नितेश कुमावत, राकेश शर्मा, संदीप जैन, रघुनाथ खेमका, एडवोकेट अभिषेक सैन, ज्ञानराम सुराणा, कमल कोठारी, श्रवण शर्मा महेश शर्मा, पंकज बिहाणीवाला, दिनेश शर्मा, लोकेश पूर्वा, सुनील जालान, रामावतार लोहिया, मुकेश महर्षि, विनोद नाई, जयपाल सिंह टकणेत, राजू ओझा, छोटू नाई ने माल्यार्पण कर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष

चूरु में नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का भव्य अभिनंदन किया

का स्वागत किया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण व जिले के जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बसंत शर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है। मैं उसे सब को साथ लेकर बखूबी निभाउंगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर सुमन सैन, सुनिता कालोया, करिश्मा सैन, चंदा सेन, रेखा सेन, विनीत सुराणा, केशरदेव तंवर, कमल शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रतिभाओं का होगा सम्मान

झुंझुनूं । झुंझुनूं के संस्थापक वीरवर झुंझा की प्रतिमा स्थापना दिवस समारोह 22 फरवरी शनिवार को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस मौके पर विशिष्ट उपलब्धियों वाली प्रतिभाओं का सम्मान होगा। जिनके आवेदन 11 फरवरी तक मांगे गए है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह नेहरा और सचिव सुरेश जाखड़ ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह दिन विशेष आयोजन के रूप में मनाया जाएगा।

इस मौके पर एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। विशेष रूप से वर्ष 2024 में यूपीएससी से आईएएस, आईपीएस, आरपीएससी से आरएएस, आरपीएस में चयनित झुंझुनूं जिले के निवासियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही एमबीबीएस, आईआईटी और वेटरनेरी कॉलेजों में प्रवेश पाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा।

सार-समाचार

कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद किया

अध्यक्ष सुशील इंदौरिया ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

रतनगढ़ (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के गोरीसर मंडल अध्यक्ष सुशील इंदौरिया ने कार्यकर्ताओं से संपर्क अभियान के तहत ग्राम दाऊदसर में आत्मीय संवाद किया।इंदौरिया ने कहा कि पार्टी के बूथ अध्यक्षों व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मिलकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने के साथ ही आगामी पंचायत चुनावो में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।इस अवसर पर भाजपा मंडल जिला प्रतिनिधि स्वरूप सिंह राठौड़ ने युवाओ से सक्रिय होकर पार्टी व सामाजिक क्षेत्र में काम करने का आ ान किया।इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि ओम प्रकाश पारीक,महावीर बेनीवाल गोविंद पारीक पवन तालनिया सोहनलाल बांगड़वा बीरबल राम नायक शैलेन्द्र तालनिया पवन स्वामी, रोहिताश पारीक सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

20 साल का कठोर कारावास

झुंझुनूं, । करीब तीन साल पुराने मामले में झुंझुनूं की पोक्सो कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए अलग-अलग धाराओं में एक लाख रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने बताया कि सितंबर 2021 में बगड़ थाने में एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया था कि उसका भांजा अपने ननिहाल देसूसर आया हुआ था। रात को उसका भांजा उसके साथ देवनारायण मंदिर के जागरण था। इसी दौरान आरोपी बगड़ कस्बे का मोहल्ला जाटावास निवासी नरेन्द्र कुमार उर्फ चेयरमैन मेघवाल उसके 11 साल के भांजे के पास आया और रास्ता पूछने के बहाना अपने पास बुलाया। इसके बाद उसे जबरदस्ती धमकाकर अपने साथ बाइक पर एक फॉर्म हाउस ले गया। जहां पर बने एक कमरे में उसके साथ कुकर्म किया। वारदात करने के बाद आरोपी 11 साल के बच्चे को मठ बस स्टैंड छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद मंदिर में पहुंचकर 11 साल के बच्चे ने अपने मामा को सारी आप बीती बताई। बगड़ थाने में मामला दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी नरेंद्र कुमार उर्फ चेयरमैन के खिलाफ चालान पेश किया गया। इस मामले में चले ट्रायल के दौरान 18 गवाहों के बयान पंजीबद्ध करवाए गए। वहीं कुल 48 साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान बच्चे के कपड़े से मिले डीएनए की जांच करवाई। जो आरोपी के डीएनए से मैच हो गए। फैसला सुनाने में विद्वान न्यायाधीश ने इस बिन्दू को उल्लेखित किया है। बुधवार को इस मामले में आरोपी को पोक्सो की धारा में 20 साल के कठोर कारावास और 50 हजार रूपए जुर्माने, भादसं की धारा 365 में आरोपी मानते हुए सात साल के कठोर कारावास और 30 हजार रूपए के आर्थिक दंड तथा भादंस की धारा 363 में आरोपी मानते हुए पांच साल का कठोर कारावास और 20 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इस प्रकार कुल 20 साल के कठोर कारावास और एक लाख रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से दमदार और तर्कदार पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने की।

ब्रह्मचारियों ने किया सूर्य नमस्कार

चूरू । स्थानीय श्रीऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में मंगलवार को सूर्य सप्तमी पर ब्रह्मचारियों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। योगाचार्य शंकरलाल सैनी के नेतृत्व में ब्रह्मचारियों, आचार्यों व कर्मचारियों ने 31 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। इस दौरान 12 स्टेप का मंत्रों सहित अभ्यास कराते हुए इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। योगाचार्य सैनी ने बताया कि सूर्य नमस्कार शरीर का सम्पूर्ण व्यायाम है। इसे रोजाना करने से मानसिक, आध्यात्मिक, आत्मिक शांति व शारीरिक बल मिलता है। व्यवस्थापक ईश्वरसिंह राठौड़ ने योग व सूर्य नमस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आचार्य रणवीर सिंह, महेशकुमार गौड़, आशीष कुमार शर्मा, राममोहन दाधीच, रोहित शर्मा, योग शिक्षक संदीप सिंह व नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

स्कूल भवन का लोकार्पण आज

बीदासर । पीएमश्री धापू देवी चोरड़िया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बेगराज भंवरलाल चोरड़िया परिवार के सौजन्य से लगभग दो करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित विंग 2 में बने दस कमरों का लोकार्पण गुरुवार को प्रात: 11 बजे समारोहपूर्वक होगा। समारोह की अध्यक्षता चोरड़िया परिवार के माणकचंद चोरड़िया करेंगे व समारोह के विशिष्ट अतिथि क्षेत्रिय विधायक मनोज मेघवाल, प्रधान संतोष मेघवाल, पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष मेघराज सांखला, तेरापंथ सभा के अध्यक्ष सम्पत मल बैद, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष दानमल बांठिया, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित होंगे।

साधु संतों को आहार सेवा दी

रतनगढ (निसं)सिद्धपीठ श्री तालवाले बालाजी अन्नक्षेत्र में आज स्व .श्रीमती सुखीदेवी धर्मपत्नी शिवप्रसाद सारस्वत की स्मृति में उनके परिजन वरिष्ठ पत्रकार ओम सारस्वत व हर्षवर्धन सारस्वत द्वारा साधु संतों को आहार और गौ माताओं व नन्दी को गुड़ सेवा दी गई। सारस्वत ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सामाजिक मृत्युभोज कुरीति हैं। पुण्य आत्मा के प्रति सार्थकता उनके पीछे परोपकार कार्य करने में है।स्व. श्रीमती सुखीदेवी की स्मृति में शीघ्र ही नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर के पदेन पुजारी अंजनीकुमार, अश्वनीकुमार ,सुशील इंदौरिया,किशनलाल प्रजापत,ओमप्रकाश सैनी, कैलाश महर्षि,व्यारा,गजानंद स्वामी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

चारदिवारी का उद्घाटन समरोह

सूरजगढ़ । सामुदायिक भवन रैगर समाज की चारदिवारी का उद्घाटन समरोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद संतोष अहलावत, अध्यक्षता नगर पालिका चेयरमैन पुष्पा गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, पूर्व चेयरमैन पार्वती देवी, पार्षद राजेंद्र सौंकरिया, वाइस चेयरमैन रामस्वरूप जांगिड़, दलीप शर्मा जोधपुर, विवेकानंद शर्मा जयपुर, पार्षद हवासिंह यादव, अजय नायक, नरेंद्र चेजारा, आरिफ कुरैशी, विजेंद्र गर्वा, राहुल जैदिया, राकेश नांदवाला, सज्जन जांगिड़, डॉ. महावीर सिंह, संदीप शर्मा, धर्मवीर चंदेलिया, रैगर समाज अध्यक्ष रमेश डिठावाल, बागेश बाकोलिया, राधेश्याम, बृजमोहन सौकरियां, प्रतूराम गजराज, मोतीलाल, फूलचंद, बाबूलाल सौंकरिया, कृष्ण कुमार गजराज, कृष्ण कुमार सौंकरिया आदि मौजूद थे।

बस पलटने से एक दर्जन सवारी घायल

सीकर । सदर थाना अंतर्गत काशी का बास गांव के बस स्टैंड पर एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलटी खा गई जिसके चलते बस में सवार करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए तथा एक की मौत हो गई सदर थाना पुलिस के अनुसार सीकर कुचामन मार्ग पर चलने वाली रूट की एक निजी बस एक मोटरसाइकिल चालक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई बस पलटने से करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए जिनको उपचार हेतु सीकर के कल्याण चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हादसे मैं घायल हुए ब्राहुल सेन पुत्र गोपाल सैन उम्र 16 वर्ष निवासी छोटीपुरा की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई तथा एक घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाकी लोगों का उपचार किया जा रहा है।

एक शाम लता मंगेशकर के नाम आज

झुंझुनूं, । भारत रत्न लता मंगेशकर की तृतीय पुण्य तिथि पर संस्कार भारती झुंझुनूं के सौजन्य से केशव आदर्श विद्या मंदिर झुंझुनूं में सांस्कृतिक संध्या स्वरांजलि आयोजित की जाएगी। संस्था अध्यक्ष मधुसूदन खेतान और सचिव डॉ. अक्षय गोदारा ने बताया कि लता मंगेशकर की याद में केशव आदर्श विद्या मंदिर झुंझुनूं में शाम चार बजे से सांस्कृतिक संध्या "स्वरांजलि" आयोजित की जाएगी।